# University in News on 28 May 2021

**JAGRAN CITY PAGE I**

## लविवि : एलएलबी सहित सात विषयों के परिणाम घोषित

**जागरण संवाददाता, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने गुरुवार को एलएलबी (तीन वर्षीय) प्रथम सेमेस्टर सहित पीजी के सात अन्य विषयों के नतीजे भी जारी कर दिए। एलएलबी तीन वर्षीय प्रथम सेमेस्टर में 3,825 में से 2,587 विद्यार्थी पास हो गए, जबकि 1338 फेल हुए हैं।

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. एके सक्सेना ने बताया कि एलएलबी सहित पीजी के सात अन्य विषयों की परीक्षाओं में 4,164 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। 2,895 को सफलता मिली है। छात्र-छात्राएं अपना परीक्षा परिणाम लविवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर देख सकते हैं। इसमें एलएलबी तीन वर्षीय प्रथम सेमेस्टर, एमएससी तृतीय सेमेस्टर माइक्रोबायोलाजी, एमएससी तृतीय सेमेस्टर बायोटेक्नोलाजी, एमएससी तृतीय सेमेस्टर बायो केमेस्ट्री, एमएससी तृतीय सेमेस्टर स्टैटिस्टिक्स, एमएससी तृतीय सेमेस्टर जंतु विज्ञान और एमएससी तृतीय सेमेस्टर फार्मास्यूटिकल विषय शामिल हैं।

## निदेशक बनीं

लखनऊ विवि की जंतु विज्ञान विभाग की प्रो.मोनिषा बनर्जी को तीन साल के लिए विवि के इंस्टीट्यूट आफ एडवांस मालीक्यूलर जेनिटिक्स एंड इनफेसिएस डीजीज का निदेशक बनाया गया है। यह जानकारी कुलसचिव डा.विपिन कुमार सिंह ने दी है।

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

## प्रो. नवीन खरे और प्रो. मोनिशा बने निदेशक

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने रसायन विज्ञान विभाग के प्रो. नवीन खरे को इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंस का निदेशक नियुक्त किया है। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि उनकी नियुक्ति अगले आदेश तक के लिए की गई है। उधर, जूलॉजी विभाग की प्रो. मोनिशा बनर्जी को इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस मॉलिक्यूलर जेनेटिक्स एंड इंफेक्शन डिजीज का निदेशक नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति तीन साल के लिए की गई है। (माई सिटी रिपोर्टर)